<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2702

09 अगस्त, 2017 को उत्तर के लिए

अधर में लटके गैस आधारित इस्पात संयंत्रों के लिए गैस आपूर्ति

2702. श्री मोतीलाल वोराः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि तीन स्पंज आयरन परियोजनाएं-जेएसडब्ल्यू स्टील सॉलव, जेएसडब्ल्यू स्टील डोल्वी और एस्सार स्टील-1990 के दशक में सरकार से नियमित गैस आपूर्ति के आश्वासन पर स्थापित की गई थीं;

(ख) क्या यह भी सच है कि वर्तमान में इन परियोजनाओं को लगभग 30 प्रतिशत गैस ही आपूर्ति की जा रही है, जिसके कारण वे अपनी उत्पादन क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पा रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो उपर्युक्त परियोजनाओं को अपेक्षित गैस उपलब्ध कराने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है; और

(घ) यदि कोई कदम नहीं उठाए गए हैं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख): सरकार ने घरेलू गैस का आवंटन किया है और उपलब्धता और प्रचलित नीति के आधार पर गैस की आपूर्ति कर रही है।

(ग): आरएलएनजी ओपेन जेनरल लाइसेंस के तहत है और माँग के अनुसार इसे आयातित किया जा सकता है।

(घ): उपरोक्त (ग) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

*****